संख्या- 113 /2026/ 628 /चार-2026-1728634

प्रेषक,

उमा द्विवेदी
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग **लखनऊ: दिनांक: 29 मार्च, 2026**

विषय:- भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के अन्तर्गत रेडियो जयघोष हेतु वित्तीय वर्ष-2025-26 में प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कुल सचिव, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ पत्र संख्या-1085/भा0स0वि0वि0-1(30)/2022, दिनांक 27.10.2025 एवं पत्र सं0 1852/भा0सं0विवि-1(30)/2022 दिनांक 24.02.2026 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा क्रमश: छ: माह एवं पुन: वर्ष भर के लिए रेडियो जयघोष के सफल संचालन हेतु आउटसोर्सिंग के माध्यम से रखे जाने एवं अन्य विविध व्यय पर होने वाले अनुमानित व्यय को प्रेषित करते हुये भुगतान किये जाने का अनुरोध निम्नानुसार किया गया है :-

क्र0सं0	कार्य	प्रतिमाह का व्यय	वर्ष का अनुमानित व्यय
1	एडमिन ऑफिसर	30,000.00	3,60,000.00
2	कन्टेण्ट राइटर	30,000.00	3,60,000.00
3	रेडियो जौकि	30,000.00	3,60,000.00
4	रिकार्डिस्ट	20,000.00	2,40,000.00
5	कुशल चतुर्थ श्रेणी (चपरासी)	12,432.00	1,49,000.00
6	अकुशल चतुर्थ श्रेणी (सफाई कर्मी)	10,089.00	1,21,000.00
7	सर्विस चार्ज 4.50 %	5,963.00	72,000.00
	जी0एस0टी0 18 %	24,927.00	2,99,000.00
	अन्य विविध व्यय	5,000.00	60,000.00
8	रेडियो जयघोष के APP के संचालन पर व्यय		64,000.00
	योग	**1,68,411.00**	**20,85,000.00**

2- कुल सचिव, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ के पत्र दिनांक 27.10.2025 के क्रम में शासन के पत्र सं0 3255/चार-2025-1728634 दिनांक 01.12.2025 के द्वारा की गयी पृच्छा का उत्तर एवं आगणन/विवरण उपलब्ध न कराये जाने के कारण सम्यक विचारोपरांत गत वित्तीय वर्ष-2024-25 के अनुरूप ही पूर्ववत दरों के आधार पर वर्ष-2025-26 में भी निम्नानुसार 04 कार्मिकों का भुगतान किये जाने का निर्णय लिया गया है :-

क्र0सं0	प्रतिमाह पारिश्रमिक	प्रति माह पारिश्रमिक	वार्षिक पारिश्रमिक
1	रेडियो जॉकी	30,000.00	3.60 लाख
2	कन्टेन्ट राइटर	30,000.00	3.60 लाख
3	एडमिन आफिसर	20,000.00	2.44 लाख
4	रिकार्डिस्ट	12,000.00	1.44 लाख
	योग	92,000.00	11.04 लाख
	सर्विस चार्ज 4.5 %	4,140.00	0.49680 लाख
	जी0एस0टी0 18 %	17,305.00	2.07662 लाख
	कुल योग	**1,13,445.00**	**13,61,342 लाख**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

3- अत: इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तर - 2 की तालिका के विवरणानुसार रेडियो जयघोष में पूर्व से कार्यरत 04 कार्मिकों के एक वर्ष- (माह अप्रैल, 2025 से मार्च, 2026) पारिश्रमिक का भुगतान किये जाने हेतु धनराशि **रू0 13,61,342/- (रूपये-तेरह लाख इकसठ हजार तीन सौ बयालिस मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुये निम्नलिखित शर्तें/प्रतिबंधों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है :-

शर्तें/ प्रतिबन्ध:-

(1) कार्मिकों की प्रतिदिन की उपस्थिति एवं इनके द्वारा किए गए कार्यों की गुणवत्ता का सत्यापन सक्षम अधिकारी द्वारा किया जायेगा।

(2) निदेशक, संस्कृति निदेशालय/कुल सचिव, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा समस्त औपचारिकतायें एवं वित्तीय नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा। समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

(3) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा तथा सम्पूर्ण धनराशि का उपभोग चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्ण कर लिया जायेगा।

(4) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।

(5) यदि मानक के संबंध में कोई सूचना गलत पायी जाती है तो इसका उत्तरदायित्व कुल सचिव, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ का होगा।

(6) निदेशक, संस्कृति निदेशालय/कुल सचिव, भातखण्डे संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(7) स्वीकृत धनराशि का संबंधित को समयान्तर्गत भुगतान के उपरान्त यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।

4- इस संबंध में होने वाला व्यय **रू0 13,61,342/- (रूपये-तेरह लाख इकसठ हजार तीन सौ बयालिस मात्र)** को चालू वित्तीय वर्ष-2025-26 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-92 के अधीन लेखाशीर्षक-2025-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-102-कला और संस्कृति का संवर्द्धन-08-रेडियो जयघोष-42-अन्य व्यय मद के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025, दिनाँक- 27-मार्च, 2025 में प्रशासकीय विभाग को उक्तवत प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,
उमा द्विवेदी
विशेष सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- कुल सचिव, भातखण्डे, संस्कृति विश्वविद्यालय, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार,जवाहर भवन, लखनऊ।
5- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-7/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1, उ0प्र0 शासन।
7- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in